मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: info@kamdhenulimited.com, Website: www.kamdhenulimited.com, www.kamdhenupaints.com www.facebook.com/kamdhenulimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–16, अंक–12, दिसम्बर 2016

**किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545**

## डिजिटल एवं कैशलेस इकॉनमी की दिशा में कामधेनु की शुरूआत

कामधेनु लिमिटेड स्टील, टीएमटी, वायरबॉंड, प्लाईवुड, **कामधेनु कलरमैक्स** रुफिंग शीट्स और पेंट्स आदि जैसी निर्माण सामग्री की एक विस्तृत श्रृंखला के मार्किटिंग, ब्रांडिंग और वितरण करने वाली प्रमुख कंपनियों में शामिल है। विश्वास, पारदर्शिता और ग्राहकों को प्राथमिकता के बुनियादी मूल्यों को ध्यान में रखते हुए, निरंतर बदलते और बढ़ते मार्केटप्लेस में एक विस्तृत अनुभाग की आवश्यकताएं पूरी करना कंपनी के विजन का प्रेरक बल साबित हुआ है। यही कारण है की कंपनी अपने ग्राहकों के लिए निरंतर बेहतर सेवाएं देने के लिए तत्पर है। कंपनी लगातार प्रगत उत्पादों के निर्माण को आगे बढ़ा रही है, जो आधुनिक युग के निर्माण आवश्यकताओं को पूरा कर सकें।

कामधेनु टीएमटी भारत का सबसे ज्यादा बिकने वाला टीएमटी ब्रांड है। इसके साथ–साथ कंपनी ने अच्छी गुणवत्ता और विशिष्ट कलर कोटेड गैल्वेनाइज्ड शीट जैसे उत्पादों को उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी ली है। इसकी प्रमुख विशेषताएं कम से कम रख–रखाव लागत, उच्च स्थायित्व, जंग प्रतिरोधक क्षमता, लीकेज विरोधी, थर्मल दक्षता आदि हैं। कामधेनु लिमिटेड का ब्रांड कलर ड्रीम्ज सजावटी पेंट के क्षेत्र में एक विख्यात नाम है जो सस्टेनेबल आंतरिक–बाहरी पेंट उत्पादों जैसे इमल्शन, वॉटर–बेस्ड प्राइमर, वुड फिनिश, एल्यूमिनियम पेंट्स, टेक्सचर्ड और डिजाइनर पेंट्स आदि के रूप में एक व्यापक स्पेक्ट्रम प्रदान करता है।

सीएमडी, श्री सतीश कुमार अग्रवाल कहते हैं, **'मेरा सपना सीमाओं से परे एक जहान बनाने का है। हम पूरे उत्साह से समाज के हर वर्ग को जीवन के बेहतर आयामों से अवगत करना चाहते हैं। इस महत्वपूर्ण मिशन को कामधेनु ग्रुप पूरा करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कामधेनु ग्रुप अपनी उत्कृष्ट गुणवत्ता वाली निर्माण सामग्री के उत्पादन से लाखों लोगों की निर्माण सम्बन्धी जरूरतों को पूरा कर रहा है और उनकी उम्मीदों पर खरा उतरा है।'**

हाल ही में, भारत को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने की दिशा में सरकार के कदम के पक्ष में, कामधेनु लिमिटेड ने अपनी भुगतान प्रणाली को डिजिटलाइज्ड करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। कैशलेस पेमेंट के कई तरीके हैं जिनसे सुगमता से पैसे का लेन–देन हो सकता है। जैसे बीओई (बिल ऑफ एक्सचेंज जैसे चेक, ड्राफ्ट आदि), एनईएफटी, आरटीजीएस, आईएमपीएस, पीओएस मशीन और ई–पॉकेट के माध्यम से ऑनलाइन मनी ट्रान्सफर। कंपनी ने अपने कर्मचारियों, व्यापारियों, वितरकों और सेल्स प्रमोटरों को पैसे के लेनदेन हेतु कैशलेस सिस्टम के बारे में शिक्षित करना शुरू कर दिया है। श्री अग्रवाल का सोचना है कि पेपरलेस और वायरलेस तकनीक के इस युग में डिजिटल होना सभी संगठनों के लिए एक कुशल निर्णय होगा जो किसी भी तरह की कैपिटल डीलिंग कर रहे हैं। इसलिए, कैशलेस ट्रान्सफर मोड कारोबार की सहजता के लिए एक प्राथमिक कुंजी हो जाता है। यह आवश्यक पारदर्शिता और सिस्टम में दक्षता को पहले से अधिक सुचारू करेगा।

कामधेनु लिमिटेड पैन–इंडिया मार्केट में अपनी मौजूदगी को मजबूत बनाते हुए 8500 डीलरों और वितरकों के साथ देश भर में फैला हुआ है। कंपनी अपने उद्देश्य के अनुरूप सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता द्वारा विश्वास अर्जित कर रही है। कामधेनु को वर्ल्ड कंसल्टिंग एंड रिसर्च आर्गेनाइजेशन द्वारा मैन्युफैक्चरिंग–स्टील–प्रोमिसिंग केटेगरी में एशिया की सबसे प्रोमिसिंग ब्रांड 2015–16 के रूप में सम्मानित किया गया है।






# इसरो ने फिर बढ़ाया देश के रिसोर्स का दायरा

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक बार फिर अपनी साख के अनुरूप काम करते हुए रिमोट सेंसिंग सैटेलाइट रिसोर्ससैट 2ए को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित किया। 1235 किलोग्राम वजनी इस सैटेलाइट को पीएसएलवी–सी 36 के जरिए कक्षा में स्थापित किया गया। जमीनी संसाधनों की जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य प्रक्षेपित किया गया यह रिसोर्ससैट 2ए सैटेलाइट भारत द्वारा 2003 और 2011 में प्रक्षेपित किए गए सैटेलाइट रिसोर्ससैट–1 और रिसोर्ससैट–2 अभियान का अगला चरण है।

भारत के जमीनी हिस्से में मौजूद मिनरल को पहचानने के लिए इसमें खास तरह के उन्नत सेंसर एवं हाई रिजोल्यूशन, मिडियम रिजोल्यूशन और पेलोड एडवांस वाइड फिल्ड सेंसर कैमरा है, जो विजिबल लाइट और इन्फ्रारेड जोन में तस्वीरें ले सकता है। अनुमान के अनुसार रिसोर्ससैट 2ए अगले पाँच वर्षो तक कार्य करेगा। इसी के साथ पीएसएलवी के द्वारा छोड़े गए सैटेलाइटों की संख्या 122 हो गई।

इसरो एक और महत्वकांक्षी परियोजना को पूर्ण करने के अंतिम चरण में है। इस योजना के तहत यदि सब कुछ ठीक रहा तो 15 जनवरी को इसरो एक साथ 82 विदेशी सैटेलाइट का प्रक्षेपण कर विश्व रिकार्ड कायम करेगा।

# 'अम्मा' को जब नम आँखों से सबने दी श्रद्धांजलि

तमिलनाडु की लोकप्रिय मुख्यमंत्री जे जयललिता के निधन की खबर से तमिलनाडु ही नहीं बल्कि पूरे देश में शोक की लहर दौड़ पड़ी। अपनी प्रिय मुख्यमंत्री के निधन की खबर सुनते ही तमिलनाडु के कई हिस्सों में लोगों की सदमे से मौत हो गई और कुछ लोगों ने आत्मदाह की कोशिश की। इन खबरों के बीच दुख और सदमे में लगभग 50 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। तमिलनाडु व अन्नाद्रमुक की दिवंगत मुखिया जयललिता की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है लोग उन्हें अम्मा कह कर संबोधित करते है। अन्नाद्रमुक व तमिलनाडु की मुखिया 'अम्मा' चमत्कारिक व्यक्तित्व की महिला थी उनके निधन से हर कोई आहत हुआ। अम्मा के पार्थिव शरीर को हर आमों–खास ने नम आखों से श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि के इस कतार में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, पक्ष–विपक्ष, नेता–अभिनेता सब नम आखों के साथ खड़े दिखे।



देश की ताकतवर महिलाओं में शुमार जयललिता अपनी जन नीतियों के कारण ही तमिलनाडु की जनता की चहेती थी। उनके निधन से भारतीय राजनीति को भी गहरा धक्का लगा। अपने राजनीतिक जीवन में उन्होंने पाँच बार मुख्यमंत्री का पद संभाला और तमिलनाडु का नेतृत्व किया। 1991 से 1996 तक वह पूरे पाँच वर्ष मुख्यमंत्री के पद पर आसीन रहीं और चार बार आंशिक रूप से मुख्यमंत्री के पद को संभाला। भारतीय राजनीति हमेशा से ही पुरूष प्रधान रही और इस राजनीति में अपनी पहचान बनाना काफी कठिन था मगर जयललिता ने इस चुनौती को स्वीकारा और एक दमदार लोकप्रिया नेता बनकर उभरी साथ ही जनता के बीच 'अम्मा' की उपाधि भी प्राप्त की।

# अमन की राह में रोड़ा बनता पाकिस्तान

अफगानिस्तान को विकास की पटरी पर लाने के लिए और पड़ोसी देशों के साथ रक्षा व आर्थिक सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से हार्ट ऑफ एशिया का गठन 2011 में किया गया। इसके गठन के बाद से अब तक आतंकवाद इसके सम्मेलनों का एक अहम मुद्दा रहा है। 4 दिसंबर, 2016 को भारत के अमृतसर में हार्ट ऑफ एशिया की 6 वी बैठक का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन भारत के नजरिए से काफी फायदेमंद रहा। इस सम्मेलन में आतंवाद के सभी प्रारूपों के विरोध में सभी ने एक सुर में आवाज उठाई। हार्ट ऑफ एशिया के मंच से भारत ने परोक्ष रूप से पाकिस्तान पर निशाना साधा मगर अफगानिस्तान ने जिस तरह से इशारों में पाकिस्तान की निंदा की उससे पाकिस्तान असहज स्थिति में था। पहली बार लश्कर–ए–तैयबा और जैश–ए–मोहम्मद का भी जिक्र हार्ट ऑफ एशिया के घोषणा पत्र में किया गया।

सम्मेलन में अफगानिस्तान ने सीमा पार आतंकवाद के मुद्दे को जोर–शोर से उठाया और कहा जैसे–जैसे अमरिका की सेनाए वापस लौटते जा रही है वैसे–वैसे अफगानिस्तान में फिर से आतंकवाद बढ़ने का संकट गहराता जा रहा है। अफगानिस्तान की अस्थिरता में सीमा पार प्रायोजित आतंकवाद पूरी तरह से दोषी है और अमन की राह में रोड़ा है। जिन आतंकवादी संगठनों को संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित किया गया है वो पाकिस्तान में अपने आतंकवादी कैंप चला रहे है। हार्ट ऑफ एशिया के 14 सदस्य देशों और अमरिका व यूरोप के 17 सहयोगी देशों सहित कुल 40 देशों ने इस बार इसकी चर्चाओं का दायरा बढ़ाया और कट्टरपंथ, गरीबी, ड्रग्स कारोबार एवं चरमपंथ पर अंकुश लगाने पर भी चर्चा की।



# कामधेनु कलर ड्रीम्ज अपनी बेहतरीन शेड्स श्रृंखला के साथ भारतीय बाजार में पेश

कामधेनु पेंट्स का नाम देश की प्रमुख सजावटी पेंट बनाने वाली कंपनियों में शामिल है। अपने ब्रांड कलर ड्रीम्ज के साथ, कामधेनु पेंट्स बहतरीन सजावटी पेंट्स की उपलब्धता को फैला रहा है जो आंतरिक व बाहरी सुंदरता को लंबे समय बरकरार रखते हैं। इंटीरियर–एक्स्टीरिअर लिविंग एरिया को सुन्दर व आकर्षक बनाने के लिए कामधेनु कलर ड्रीम्ज की व्यापक रेंज एक पूर्ण समाधान है।

कलर ड्रीम्ज के उच्चतम् कोटि के उत्पादों के साथ, कामधेनु लिमिटेड अब भारतीय बाजार में छः नए उत्पादों को पेश करने जा रही है। कंपनी कम कीमत पर इंटीरियर–एक्सटीरियर सजावटी पेंट की बेहतरीन रेंज के साथ अपने उपभोक्ताओं के हर वर्ग की मांगों को दक्षता के साथ पूरा करने में निपुण है। वह अपनी आतंरिक वॉल पेंट्स की विशेष रेंज को बढ़ाते हुए इंटीरियर वॉल प्राइमर, इंटीरियर इमल्शन, एक्स्टीरिअर प्राइमर व बाहरी दीवारों के लिए एक्स्टीरिअर इमल्शन रेंज का विस्तार कर रहे हैं। साथ ही साथ, बेहतरीन गुणवत्ता वाले डिस्टेंपर और वॉल पुट्टी की किस्मों में भी बढ़ोत्तरी कर रहे हैं।

कलर ड्रीम्ज के उत्पाद रेंज के बारे में श्री सौरभ अग्रवाल, निदेशक–कामधेनु पेंट्स, ने कहा, 'अपने पेंट उत्पादों को गुणवत्ता मानकों की कसौटी पर खरा उतारने के लिए हम अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और उच्च तकनीक का उपयोग करते हैं। हमने हमेशा कम कीमत में बेहतरीन गुणवत्ता वाले उत्पादों के वितरण को सुनिश्चित किया है और बाजार में अपनी पकड़ को और मजबूत किया है।" उन्होंने आगे कहा कि भारतीय बाजार में सजावटी पेंट की मांग लगातार बढ़ती जा रही है और उसमें 75% हिस्सा उन छः उत्पादों का है। प्रथम चरण पूरा होने के बाद, उन्होंने कलर ड्रीम्ज के उत्पाद रेंज में ऑयल बेस्ड पेंट और स्टेनर को भी शामिल करने का संकेत दिया है।




# ग्रीन बिल्डिंग टेक्नोलॉजी में कामधेनु लिमिटेड का योगदान

पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर आज पूरी दुनिया में प्रयास चल रहे हैं। इस दिशा में दुनिया के सभी विकसित देशों में भवन निर्माण के लिए आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक आर्किटेक्चरल डिजाइन के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे इमारतों के निर्माण के दौरान और उसमें रहते हुए ऊर्जा की खपत कम से कम हो। इस भवन निर्माण पद्धति को ग्रीन बिल्डिंग कंसैप्ट के नाम से जाना जाता है। विश्व स्तर पर बेस्ट ब्रान्ड ऑफ वर्ल्ड अवार्ड, एशिया के मोस्ट प्रौमिसिंग ब्रान्ड, तथा इंडियन पावर ब्रांड अवार्ड से सम्मानित निर्माण जगत की कंपनी कामधेनु लिमिटेड भारत में ग्रीन बिल्डिंग कंसैप्ट पर आधारित भवन निर्माण के लिए लगातार योगदान कर रही है।

कंपनी स्थापना के समय से ही अपने सभी यूनिट्स में ऊर्जा की बरबादी रोकने वाली नई और बेहतर तकनीक का उपयोग सुनिश्चित कर रही है। साथ ही कामधेनु ब्रांड के टीएमटी रिबार का उत्पादन विभिन्न राज्यों में स्थित प्लांट्स में करते हुए कंपनी उत्पाद की ढुलाई में होने वाली डीजल के उपयोग को कम करके वायु प्रदूषण को भी नियंत्रित करती है। वहीं कामधेनु कलर मैक्स रूफिंग शीट्स इको–फ्रेंडली प्रणाली से बनाया जाता है और यह अपने बेहतर ताप–नियंत्रक क्षमता की वजह से घर को अधिक गर्म या ठंढ़ा होने से बचाता है, जिससे भवन में एसी या हीटर की ऊर्जा खपत में कमी आती है। हाल के वर्षों में कामधेनु ब्राण्ड के अंतर्गत ऊर्जा कुशल प्री–इंजीनियरिंग बिल्डिंग को भारतीय बाज़ार में पेश करके कंपनी ने इस ओर अपनी प्रतिबद्धता को एक नया आयाम दिया है।

कंपनी के इन प्रयासों को औपचारिक रूप से मान्यता देते हुए, कामधेनु लिमिटेड को इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउसिंल का सदस्य घोषित किया गया है। ग्रीन बिल्डिंग की आवश्यकता और इस ओर कंपनी की प्रतिबद्धता के बारे में कामधेनु लिमिटेड के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल का कहना है कि, "हमारी सृष्टि पर्यावरण की सुरक्षा से जुड़ी हुई है। पर्यावरण को नुकसान पहुँचा कर किया गया विकास अधिक दिनों तक नहीं टिक सकता है। कामधेनु लिमिटेड स्थाई और सतत विकास का पक्षधर है और इसीलिए हम ऊर्जा की हर संभव बचत के लिए तत्पर हैं। हमें खुशी है कि कामधेनु उत्पाद इस्तेमाल करने वाले अपने लाखों उपभोक्ता को हम पर्यावरण के रक्षक होने के गर्व का एहसास देते हैं।"

Indian Green Building Council



RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Publication Date: 26.12.2016



# डीलर्स-डिस्ट्रीब्यूटर्स का पश्चिमी यूरोप दौरा

## उमंग, मौज-मस्ती और स्मार्ट सिटीज़ के ज्ञान का अनूठा अनुभव

कामधेनु लिमिटेड भारत की एक प्रमुख टीएमटी रिबार उत्पादन कंपनी है जिसकी विशेषता उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद बनाना है। यही कारण है कि कामधेनु भारतीय बाजार में अपना स्थान मजबूत करते हुए अपनी उत्पाद श्रेणी में लगातार बढ़त स्थापित किये हुए है। अपने स्थापना से आज तक कंपनी अपने ग्राहकों के हर वर्ग का ध्यान रखते हुए एक अच्छे और हितकारी ग्राहक संबंध प्रबंधन का उदहारण देती रही है। इससे न केवल बेहतर विकास का दायरा बढ़ता है बल्कि इस तरह के कार्य प्रतिस्पर्धात्मक युग में कंपनी के स्थान को भी मजबूत करते हैं।



किसी भी कंपनी की सफलता मुख्यतः उसके कर्मचारियों और सहभागियों के लगातार परिश्रम और साहस पर निर्भर करती है। यही वजह है कि कामधेनु लिमिटेड सक्रिय रूप से आकर्षक भत्तों के साथ अपने स्टाफ, वितरकों, व्यापारियों और अन्य सहयोगियों को प्रोत्साहित करता है। इस प्रोत्साहन की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए, कामधेनु लिमिटेड अपने डीलर्स एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स के साथ पश्चिमी यूरोप में जर्मनी और स्विट्जरलैंड के लिए एक टूर का आयोजन किया।

इस दौरे को दो भागों में आयोजित किया गया जिसमे पहला समूह 19–26 नवम्बर और दूसरा 29–22 नवंबर 2016 तक यूरोप की यात्रा करके लौटे। इस दौरे में कंपनी के सदस्य सीनियर जीएम, मार्केटिंग एण्ड सेल्स, श्री राजीव शर्मा, मैनेजर मार्केटिंग, अमित सुरोथिया और कंपनी के वितरक श्री नरेश कुमार गर्ग, श्री राजीव गर्ग, श्री धर्मपाल खेड़ा, श्री राजेन्द्र गर्ग, श्री संजय मित्तल, श्री दीपक मित्तल, श्री सुमित अरोड़ा, श्री सुमित गोयल, श्री गुलशन गुप्ता, श्री संजीव कुमार डांग, श्री राजन दुआ, श्री राजीव गर्ग, श्री विक्रांत महाजन, श्री पंकज कुमार गर्ग, श्री अंकित गर्ग और दिल्ली और हरियाणा क्षेत्र के डीलर शामिल थे।

सभी सदस्यों ने जर्मनी के सुप्रसिद्ध म्यूनिक शहर का भ्रमण किया और दुनिया की उत्कृष्ट ऑटोमोबाइल कंपनियों में से एक बीएमडब्ल्यू के संग्रहालय व कारखाने का भी मुआयना किया जहां वे भविष्य की तकनीक से अवगत हुए और उन्हें शानदार व नवीनतम मशीनरी के बारे में भी जानकारी मिली। स्विट्जरलैंड में वे ल्यूसर्न के जरिये माउंट टिटलस गए जहाँ उन्होंने सौन्दर्य से भरपूर उरी आल्प्स की छटा को निहारा। वहां उन्होंने केबल कार, ग्लेशियर और क्लिफ वॉक्स का आनंद लिया। अभूतपूर्व अनुभवों और अविस्मरणीय यादों को इकट्ठा करने के बाद, सभी इंटरलेकन के जुन्फ्रौ में मनमोहक स्विस एल्प्स की सुंदरता को निहारने पहुंचे। उपरोक्त सभी रमणीय जगहों पर खुशगवार क्षण बिताने के बाद, दौरे के अंतिम पड़ाव में समूहों ने ज्यूरिख का रुख किया। यहाँ उन्हें यूरोपीय इतिहास की झलक देखने को मिली। साथ ही साथ सभी ने ज्युरिक के लोकप्रिय राइन फॉल्स की खूबसूरती का लुत्फ लिया जो यूरोप में सादा पानी का सबसे बड़ा झरना है।



सभी सदस्य अविस्मरणीय यादों का एक शानदार अनुभव अपने साथ लेकर गए। इन यात्राओं का एक उद्देश्य यूरोपियन शहर के **स्मार्ट सिटीज** की व्यवस्थाओं से डीलर्स एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स को रूबरू कराना था।

**बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ**

**श्री सुभाष गुप्ता**
**मेसर्स लोकेश पेन्ट्स कॉरपोरेशन**
शॉप नं. 12/435, ललिता पार्क,
लक्ष्मी नगर, दिल्ली–110092
मो. 9718297333,
9810936525

**श्री मोहन लाल वर्मा**
**मेसर्स लोधी पेन्ट्स एण्ड हार्डवेयर**
बी 2/6, दयालपुर, करावल नगर
दिल्ली
मो. 9868260898

**श्री किशन कुमार**
**मेसर्स सूरज भान राम बिलास**
1988, रेलवे रोड, नरेला,
दिल्ली–110040
मो. 9873275200

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com